मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

क्रमांक / मो.ला.सु.वि.वि / परीक्षा / 2024 / 8001 दिनांकः– 25.10.2024

अधिष्ठता / प्राचार्य / निदेशक

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

....

विषयः– परीक्षा आवेदन पत्र 2024–25 हेतु नियमित प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची अपलोड करने एवं रजिस्ट्रेशन आई.डी. नम्बर, पासवर्ड जनरेट करने के सम्बंध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत विश्वविद्यालय की अधिसूचना संख्या 1 के क्रम में परीक्षा आवेदन दिनांक 24 / 10 / 2024 से भरवाये जायेंगे। इस संबंध में निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि इस वर्ष (परीक्षा सत्र 2024–25) से नियमित प्रवेशित विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु सूची अपलोड करने एवं रजिस्ट्रेशन आई.डी. नम्बर, पासवर्ड जनरेट करने के संबंध में निम्नलिखित निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें।

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (Affiliated Colleges) को निर्देशित किया जाता है कि प्रवेशित प्रथम सेमेस्टर नियमित छात्रों की सूची निर्धारित प्रारूप में कॉलेज पोर्टल पर दिए गए पेज़ पर एक्सेल फॉर्मेट में डिग्री वाइज़ अपलोड करावें।

छात्रों की सूची अपलोड करते समय डिग्री का चयन सावधानी पूर्वक करें क्योंकि एक बार सूची अपलोड करने के बाद उसमें संशोधन करने का कोई प्रावधान नहीं है।

उदाहरण के लिए बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्रों की सूची अपलोड करते समय कॉलेज पोर्टल पर डिग्री का चयन बीए प्रथम सेमेस्टर से ही करें।

एक्सेल फॉर्मेट में नियमित प्रवेशित छात्रों की सूची अपलोड करने के बाद रजिस्ट्रेशन आईडी नम्बर और पासवर्ड के साथ वापस एक्सेल डाउनलोड होगी, उस एक्सेल के अन्दर अपलोड किए गए समस्त छात्रों का रजिस्ट्रेशन आई.डी. नंबर और पासवर्ड दिया गया होगा इस रजिस्ट्रेशन आई.डी. नंबर और पासवर्ड से समस्त नियमित विद्यार्थी अपना परीक्षा फॉर्म भर पाएंगे।

कॉलेज अपने स्तर पर रजिस्ट्रेशन आई.डी. नम्बर और पासवर्ड को समस्त नियमित विद्यार्थियों में सर्कुलेट करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

कॉलेज के द्वारा दिए गए रजिस्ट्रेशन आई.डी. नबंर और पासवर्ड के बिना कोई भी नियमित छात्र अपना परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाएंगे।

नोटः–

1 नियमित विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन आई.डी. नम्बर और पासवर्ड जनरेट करने की प्रक्रिया की अधिक जानकारी के लिए कॉलेज पोर्टल पर अपलोड विस्तृत विवरण का अवलोकन करें। (User Manual Document)

2 छात्र का नाम ABC ID / Adhar से Verify होकर ही आयेगा अतः कॉलेज छात्र का नाम ABC ID / Adhar के अनुरूप ही अपलोड करें।

As per above letter and user manual for registration data upload guidline, Please upload the admission data on University website (College Portal) at the earliest to enable students for filling their exam forms.

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)